# प्रसार भारती - प्रसारण और प्रसार के लिये साझा दृश्य-श्रव्य

**स्रोत: पी.आई.बी.**

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने प्रसार भारती**- प्रसारण और प्रसार के लिये साझा दृश्य-श्रव्य (PB-SHABD) का शुभारंभ किया,** जो प्रसार भारती की एक समाचार-साझाकरण सेवा है, जिसका उद्देश्य भारत में समाचार प्रसार में बदलाव लाना है।

- PB-SHABD व्यापक नेटवर्क की कमी वाले छोटे समाचार संगठनों के लिये समाचार सामग्री के एकल-बिंदु स्रोत के रूप में कार्य करेगा।
- SHABD सेवा को पहले वर्ष के लिये निःशुल्क प्रदान करने का प्रावधान है।
- इस दौरान मंत्री ने **दूरदर्शन समाचार** और आकाशवाणी समाचार के लिये संशोधित प्लेटफार्मों और अपडेटेड न्यूज ऑन द एयर मोबाइल ऐप पर प्रकाश डाला, **समाचार तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने तथा मीडिया उद्योग के भीतर सहयोग को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका पर बल** दिया।
- प्रसार भारती, भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक प्रसारण एजेंसी है। यह**प्रसार भारती अधिनियम, 1997 द्वारा स्थापित एक वैधानिक स्वायत्त निकाय** है।
    - प्रसार भारती निगम का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिक्षित करने के साथ मनोरंजन हेतु दूरदर्शन और आकाशवाणी को स्वायत्तता प्रदान करना है।

**और पढ़ें...** केवल प्रसार भारती के माध्यम से प्रसारण

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pb-shabd